राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना, बिहार

वार्षिक परीक्षा – 2026

प्रश्न–पत्र

कक्षा–VIII | विषय– हिन्दी

समय– 2 घंटे | पूर्णांक–50

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न–पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

---

1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5×2 =10

[रविवार दूध प्यार नानी डगलस]

(i) जो बूढ़ी .... सुना रही सदियों से,
(ii) स्वच्छंद लुटाकर .... चलें।
(iii) काँचौ .... पियावत पचि–पचि देति न माखन रोटी।
(iv) सभी साइकिल सीखने वाली महिलाएँ .... को इकट्ठी हुई थीं।
(v) मेजर .... मेरे पड़ोसी हैं।

2. स्तम्भ 'अ' से स्तम्भ 'ब' का सही–सही मिलान कीजिए। 5 × 2 = 10

स्तम्भ 'अ'	स्तम्भ 'ब'
(i) क्या निराश हुआ जाए	(a) कठिनाई में पड़ना
(ii) भगवान के डाकिए	(b) लहरें
(iii) 'सुदामा चरित' पाठ की भाषा	(c) रामधारी सिंह दिनकर
(iv) बाज की मृत्यु पर आँसू बहा रही है	(d) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(v) 'साँसत' का अर्थ है	(e) ब्रजभाषा

3. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर लिखें। 5 × 2 = 10

(क) लेखक ने बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी, क्योंकि बस –
(i) नई थी (ii) पुरानी थी (iii) वयोवृद्ध थी (iv) डाकिन थी

(ख) बदलू मनिहार चूड़ियों के बदले क्या लेता था ?
(i) सोना (ii) आम (iii) पैसा (iv) अनाज

(ग) साइकिल आन्दोलन ने महिलाओं को क्या प्रदान किया ?
(i) कमाई (ii) आत्मविश्वास (iii) आर्थिक निर्भरता (iv) इनमें से सभी

(घ) जब कभी साहस और वीरता के गीत गाए जाएँगे, तब किसका नाम गर्व और श्रद्धा से लिया जाएगा?

(i) साँप (ii) बाज (iii) सागर (iv) लहरें

(ङ) ''**झूठी**'' में विराम चिह्न है ?

(i) दोहरा उद्धरण चिह्न (ii) अल्प विराम (iii) उपविराम (iv) निर्देशक चिह्न

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 50 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $2 \times 5 = 10$

(i) मनुष्य के व्यवहार में ही दूसरों को विरोधी बना लेने वाले दोष होते हैं। यह भावार्थ 'कबीर की सखिया' सखियाँ पाठ के किस दोहे से व्यक्त होता है ?

(ii) भगवान बुद्ध के उपदेशों को संग्रह करने का भार किसे सौंपा गया और क्यों ?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 100 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $1 \times 10 = 10$

(i) ''**पानी की कहानी**'' के आधार पर पानी के जन्म और जीवन–यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ?

अथवा

उपसर्ग तथा **प्रत्यय** को परिभाषित करते हुए सोदाहरण लिखें।